विपणन/बीएसएम/मिस्र/03/2020-2021

विषय : मिस्र देश पर केन्द्रित भारतीय मसालों केलिए आभासी क्रेता-विक्रेता बैठक -बाबत

स्पाइसेस बोर्ड भारत की ओर से सादर नमन !

स्पाइसेस बोर्ड (वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार), भारतीय मसालों के विकास और निर्यात संवर्धन का अग्रणी संगठन है। बोर्ड, भारतीय निर्यातकों तथा विदेशी आयातकों के बीच का एक अंतर्राष्ट्रीय लिंक है और भारतीय मिशनों के सहयोग से भारतीय मसालों को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न देशों में कार्यकलापों की अगुवाई करता है।

मिस्र, भारतीय मसालों के लिए एक पारंपरिक बाजार है जिसका औसत निर्यात प्रति वर्ष 10,000 मीट्रिक टन से अधिक है। वर्ष 2018-19 के दौरान, भारत ने मिस्र को 1410.93 मीट्रिक टन (1317.16 लाख रुपये का मूल्य) आयात करने के अलावा, मिस्र के लिए 23111.86 लाख रुपये के 17520.87 मीट्रिक टन मसाले का निर्यात किया, जो मसाला क्षेत्र में भारत और मिस्र के बीच के मजबूत व्यापार तालमेल को उजागर करता है।

भारत और मिस्र के बीच मसालों के व्यापार को मजबूत करने के मद्देनज़र, स्पाइसेस बोर्ड भारत, मिस्र के भारतीय दूतावास, कैरो के साथ मिलकर, 13 अक्तूबर, 2020 (भारतीय मानक समय 2.30 बजे से शाम 5.00 बजे एक) को भारत के मसाला निर्यातकों / संघों, मिस्र के आयातकों और मिस्र के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण (एनएफ़एसए), मिस्र का वाणिज्य मंडल आदि जैसे अन्य पणधारियों को शामिल करते हुए वर्चुअल माध्यम से एक ऑनलाइन क्रेता-विक्रेता बैठक (बीएसएम) का आयोजन कर रहा है।

सभी निर्यातकों को बीएसएम में हार्दिक रूप से आमंत्रित किया जाता है ताकि प्रभावी व्यापारिक संबंध स्थापित करने की संभावनाओं की खोज की जा सके । इच्छुक निर्यातक निम्नलिखित विवरण इ-मेइल (marketing.sb-ker@gov.in) ज़रिए उपलब्ध कराते हुए बीएसम के लिए रजिस्टर कर सकते हैं। इ-मेइल की प्रति nithin.joe@nic.in व shaiba.ck@nic.in को भी ज़रूर भेजें।

फर्म/कंपनी का नाम, पता	संपर्क नं. तथा इ-मेइल

पंजीकरण के उपरांत, कार्यक्रम का लिंक इच्छुक क्रेताओं के साथ साझा किया जाएगा।

निदेशक(विपणन)